एक नजर में

## शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद देने वाली योगेश गुरुजी



**बुरहानुपर।** ग्राम बहादरपुर में आज से पांच दिवसीय शिवमहापुराण कथा प्रारंभ हुई साथ ही नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी आज शिवमहापुराण की भव्य कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में हजारों महिलाएं पुरुष सम्मिलित हुए। प्रथम दिवस कथा व्यास पंडित योगेश चतुर्वेदी गुरुजी ज्योतिषाचार्य ने कहा कि शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद प्रदान करने वाली है इसको श्रवण करने से जीवन के समस्त दुख दूर होते हैं एवं भगवान शिव जो कल्याण करते हैं भक्तगण कथा को श्रवण कर भगवान शिव की अपार कृपा प्राप्त होती है एवं जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन कैसा जिए यह हमें बताती है। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल वार्ड में सेफ्टीटेंक बिना सीधे सीवरेज से लाईन जोड़ने पर उठ रहे सवाल



**बुरहानपुर।** सरदार पटेल वार्ड में कई ऐसे मकान है जिनके यहां शौचालय के सेफ्टिटेंक ही नही है, जबकि उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास का लाभ लिया गया और वह शौचालय का मैला नालीयों में सिधा छोडा गया है। इससे स्थानिय रहवासी काफी परेशान होकर उनके द्वारा कई बार शिकायत की गई है। चुंकि अब सिवरेज का काम चालु हे, ऐसे में उनके द्वारा यदि सिधे तौर पर उसे सिवरेज से जोड दिया जाता है तब यह मैला पुन: जहां सिवरेज का पानी जमा होगा उसे खराब करेगा। इसलिए स्थानिय नागरीको ने आयुक्त नगर निगम बुरहानपुर से मांग की है कि वे मुंशी प्रेमचंन्द मार्ग की उक्त गली में बिना सेफ्टिटेंक के प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य मकान है, उनका सिधे मैला नाली में बहाया जाता है, इस और ध्यान देकर पहले सेफ्टिटेंक का निर्माण कराए, फिर उसे सिवरेज से जोंडने का कार्य प्रारम्भ करे तो उचित होगा। अन्यथा कानुनी काय्रवाही करने मजबुर होना पडेगा।

## नेपा लेडिज क्लब ने मदर्स डे मनाया, क्लब सदस्यों ने की सहभागिता



**नेपानगर।** नेपा लेडीज़ क्लब ने अध्यक्ष डॉ हर्ष किरण वढेरा के मार्गदर्शन में मदर्स डे के विशेष समारोह का आयोजन किया। उपाध्यक्ष अभिलाषा मेहता ने कार्यक्रम के माध्यम से सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया मां एक ऐसा शब्द है जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि की ममताए त्याग और प्रेम समाया हुआ है। मां सिर्फ एक रिश्ता नहींए बल्कि एक अनुभव है जो हर सांस मेंए हर आशीर्वाद में और हर संघर्ष में हमारे साथ रहती है। उन्होंने बताया अध्यक्ष डॉ हर्ष किरण वढेरा न केवल एक मां हैए बल्कि एक कुशल डॉक्टर है। देश की सेवा में समर्पित एक गौरवशाली डिफेंस ऑफिसर भी हैं। उन्होंने नारी शक्तिए सेवाए त्याग और समर्पण का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है। वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान आपरेशन सिंदूर में शामिल लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और फ्लाइट लेफ्टिनेंट व्योमिंका सिंह के साहसए रणनीति और नेतृत्व का जिक्र भी किया। पहलगाम हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि भी दी। कार्यक्रम में कई मनोरंजक नाट्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो कि अत्यंत सराहनीय रहे। जिनमें सभी सदस्यों ने बढ़ण्चढ़कर सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता के विजेताओ वंदना जवादे, किर्ती चौकसे, मंगला चौधरी, मनीषा खेरनार, राजश्री मोरे, शुभांगी पाटील, पूनम वर्मा, ज्योत्सना करकरे को पुरुस्कार वितरण किया गया। सदस्यों, अर्चना देशमुख, प्रीति शर्मा, सपना सोनी का विशेष योगदान रहा।

## पुरातात्विक महत्व के 260 सिक्के कोषालय में जमा कराए गए, बोरबन तालाब खुदाई में मिले थे सिक्के



**बुरहानपुर।** ग्राम चौखंडिया स्थित बोरबन तालाब की खुदाई के दौरान प्राप्त पुरातात्विक महत्व के धातु के सिक्के शुक्रवार को पुलिस सहायता केन्द्र देड़तलाई थाना खकनार से लाकर जिला कोषालय बुरहानपुर में विधिवत रूप से जमा कराये गये। यह प्रक्रिया कलेक्टर श्र्हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदारए अधिकारियों सहित डीएटीसीसी के सदस्यों के समक्ष हुई। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के समक्ष सिक्कों की गिनती कर उन्हें लोहे की पेटी रखे जाने के उपरांत कोषालय में जमा करवाया गया। कुल 260 सिक्के एक लौटे में खुदाई के दौरान प्राप्त हुए थे। यह सिक्के छोटे.बड़े एवं गोल.चोकोर आकृति के है। प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2019.20 में ग्राम चौखंडिया में मनरेगा अंतर्गत बोरबन तालाब की खुदाई के दौरान यह सिक्के प्राप्त हुए थे, जो तत्कालीन परिस्थिति में खकनार थाने में जमा कराये गये थे।

## एसडीएम ने ली राशन दुकान संचालकों की बैठक



**नेपानगर।** गुरूवार को नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला ने राशन दुकान संचालकों की बैठक ली। इस दौरान 20 राशन दुकान संचालकों द्वारा ई.केवायसी नहीं कराने पर उनका एक माह का वेतन रोक दिया गया है। एसडीएम ने बताया राशन दुकानों की ओर से ई.केवाईसी किए जाने का काम अधूरा है। इसलिए बैठक लेकर हिदायत दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर यह काम करा लें। ई.केवाईसी होने के बाद ही उपभोक्ताओं को राशन मिल पाएग इसलिए ई.केवाईसी कराना जरूरी है।

## ग्राम बिरोदा में अर्चना चिटनिस ने ग्रामीणों से किया संवाद

# डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से अनेक विकास कार्यों ने लिया मूर्तरूप, समीक्षा कर दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर के ग्राम बिरोदा में विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान श्रीमती चिटनिस ने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अनेक विकास कार्यों की सौगात दी।

अर्चना चिटनिस ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए ग्राम की समस्याओं के बारे में पूछा। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। हिताग्रहियों से बातचीन करए धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और जन सुविधाओं के अनुरूप विभिन्न घोषणाएं की। साथ ही रेलवे गेट के समीप श्री हनुमान मंदिर विधायक निधि से 20 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया।

इसी प्रकार लगभग 30 लाख रूपए की लागत से गांव के वार्ड क्रमांक 01 और 02 के आंतरिक गलियों के मार्गों के निर्माण हेतु निर्देशित किया। साथ ही विगत वर्ष पंचायत द्वारा अमृत सरोवर योजना के तहत निर्माण किए गए तालाब की सराहना की। वहीं इस वर्ष पंचायत अंतर्गत 3 निस्तार तालाब निर्माण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान दिए।

इस दौरान श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि ग्रामीणजन अपनी मांगों को पूर्ण आशा एवं अभिलाषा के साथ रखते है। हम सभी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक रूप से कार्य करेगें। श्रीमती चिटनिस ने विशेष रूप से पौधों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल और हरियाली एक.दूसरे के पूरक है। जब हम पेड़ लगाएंगे और उन्हें संरक्षित करेंगे, तभी जल स्त्रोतों को भी जीवित रख सकेंगे।

उन्होंने प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने, वर्षा जल संचयन की पद्धतियों को अपनाने और स्थानीय जल निकायों की स्वच्छता व देखरेख के लिए जनभागीदारी को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि गांवों में जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना होगा, तभी इसका वास्तविक लाभ मिल सकेगा।

### डेढ़ करोड़ की लागत से अनेक विकास कार्यों ने लिया मूर्तरूप

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत लगभग डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को मूर्तरूप दिया जा चुका है। इसमें पंचायत अंतर्गत गांव में लगभग 80 लाख रूपए की लागत सीमेंटीकृत मार्गों का निर्माण किया गया। 20 लाख रूपए की लागत से पेवर ब्लॉक लगाए गए। 2 लाख 30 हजार रूपए की लागत से प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया। प्राथमिक शाला में लगभग 3 लाख रूपए की लागत से शौचालयों बनवाए गए। 25 लाख रूपए की लागत से अमृत सरोवर का निर्माण किया गया। 8 लाख रूपए की लागत से स्वच्छता अभियान अंतर्गत घर.घर से कचरा एकत्रित करने हेतु कचरा वाहन का क्रय किया गया है, जो घर.घर जाकर कचरा एकत्रित करता है। अब गांव स्वच्छ एवं सुंदर नजर आने लगा है। गांव पेयजल वितरण हेतु 5 लाख रूपए की लागत से पाईप लाईन बिछाई गई। 5 लाख रूपए की लागत से आंतरिक पाईप लाईन का विस्तार किया गया है। 3 लाख 40 की लागत से गांवों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।

## पार्षदों और सीएमओ के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर कलेक्टर तक पहुंचा मामला




**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** नगर पालिका सीएमओ शैलेंद्र चौहान के खिलाफ 15 मई को एसडीएम को शिकायत करने के बाद नेपानगर नगर पालिका के पार्षद सीधे कलेक्टर से मिलने बुरहानपुर पहुंच गए। उन्होंने लिखित शिकायत कर कलेक्टर से जांच की मांग की। साथ ही सीएमओ चौहान पर कई आरोप भी लगाए। जवाब में सीएमओ ने कहा मैं हर एक पार्षद को जवाब देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा सारे आरोप निराधार हैं।

दरअसल 1 मई को भी कुछ पार्षदों ने नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला को सीएमओ की शिकायत की थी। तब एसडीएम ने इसकी जांच परियोजना अधिकारी डूडा को सौंपीए लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकलने पर पार्षद शुक्रवार को एकत्रित होकर कलेक्टर हर्ष सिंह से मिलने पहुंचे और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। उन्हें ज्ञापन सौंपा और आरोप लगाए कि सीएमओ मनमानी कर रहे हैं। चालू काम रूकवा देते हैं। वार्डां में विकास के काम ठप्प पड़े हैं।

**पार्षद बोले. अब तक किसी तरह की जांच नहीं हुई :**-पार्षदों ने कहा 15 मई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेपानगर को 15 बिंदुओं में विस्तृत शिकायत की गई थीए लेकिन अब तक न तो किसी प्रकार की जांच प्रारंभ की गई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है। पार्षदों का का आरोप है कि शिकायत करने के पश्चात जानबूझकर वार्डों के कार्यों में विलंब किया जा रहा है और अधिकारी द्वारा पारदर्शिता का पूर्ण अभाव दिखाया जा रहा है जिससे जनहित प्रभावित हो रहा है। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस विषय में जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे सभी जनप्रतिनिधि मिलकर जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पार्षदों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारी पर आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रह सके। इस अवसर पर पार्षद योगिता पाटिल, रूपाली सावकार, सपना पटेल, अनीषा पटेल, जितेंद्र सावकारे, कैलाश पटेल, राजेश पटेल, राजू दामु पाटिल उपस्थित थे।

**बोले जबरन लागू करते हैं प्रस्ताव:**-कलेक्टर को की गई शिकायत में पार्षदो ने आरोप लगाए कि सीएमओ द्वारा पीआईसी की बैठक में पारित न होने वाले प्रस्तावों को भी जबरन लागू किया जाता है। कर्मचारियों का मनमाने तरीके नियमीतिकरण किया गया। बिना पीआईसी स्वीकृति के वित्तीय व्यय किया जाता है। अपने हित के चलते कर्मचारियों से मूल पद पर कार्य न करवाते हुए मनमानी की जा रही है। इसके अलावा बिना मांग पत्र के सामग्री खरीदी करना, मुख्यमंत्री अधोसंरचना भाग 4 में चल रहे निर्माण कार्य में भी भारी लापरवाही, पैसे का दुरूपयोग, टेंडर जारी करने के बाद भी टेंडर प्राप्त करने वाले को काम न देकर व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

## मुक्ताबाई मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, ईच्छापूर।** आदी शक्ति संत मुक्ताई माता का 728 वा तासी नही पर गुप्त हो गई थी, इनके गुप्त होने पर मुक्ताई नगर में मुक्ताबाई मंदीर में दो दिवसीय कार्यक्रम संम्पन्न हुए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र पंढरपूर, क्षेत्र आएलदी ज्ञानेश्वर महाराज संस्थान संत निवृत्तीनाथ संस्थान त्रंबकेश्वर नासीक, संत एकनाथ महाराज संस्थान पैठन, संत क्तुकाराम महाराज संस्थान देहू पूने, संत सोपान काका सासवड संस्थान के अध्यक्ष एव विदर्भ मराठवाडा म.प्र. जिला बुरहानपुर के वारकरी संत उपस्थित थे। शुक्रवार को एकादशी के दिन मंदीर पर गोपाल काले का किर्तन हुवा। संत मुक्ताई को महाराष्ट्र के उप मुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे ने साड़ी महावस्त्र भेट की। पंढरपूर से विठ्ठल रुखमाई की पालखी का भी आगमन हुवा। यह पालखी के पूराण मंदीर से नए मंदीर तक पालखी की शोभा यात्रा निकाली गई। मंदीर पर ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पारायण का वाचन हुवा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परेठा में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के आदेश अनुसार इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प परेठा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश सिसोदिया के आदेश अनुसार एवं बुरहानपुर जिले का एड्स विभाग का नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष जोशी जी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार हॉस्पिटल के आईसीटीसी एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया जी ने उपस्थित लोगों को एचआईवी एड्स के प्रमुख चार कारण बताए है सिफीलिस के प्रमुख लक्षण के बारे में जानकारी दी गई एवं टीबी के प्रमुख लक्षण के बारे में बताया गया है अगर परिवार में किसी व्यक्ति को टीबी की बीमारी हो जाए तो क्या क्या सावधानी रख सकते है, हेपटाइटिस के प्रमुख लक्षण के बारे में बताया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं के साथ धात्री महिलाओं की एचआईवी, एड्स और सिफीलिस और टीबी की जांच की गई। एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया जी ने उपस्थित लोगों को बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। टीबी विभाग से राजू राठौर सर ने उपस्थित लोगों को टीबी के प्रमुख लक्षण, टीबी के प्रमुख कारण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर डॉ.बलराम चौहान ने उपस्थित लोगों की रूटीन की जांच की गई, खकनार हॉस्पिटल से एड्स विभाग का लैब टेक्निशियन अनिल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परेठा का समस्त स्टाफउपस्थित था। साइंस हाउस से बादल चौहान, स्पंदन समिति की संस्थापक श्रीमति सीमा प्रकाश एवं एवं संस्था से कु.अंकिता एवम बबीता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ग्रीष्म कालीन क्रिकेट शिविर का समापन




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्रीष्म कालीन शिविर 1 मई से 23 मई तक आयोजित किया गया जिसका आज समापन सुभाष स्कूल ग्राउंड पर नगर निगम कमिश्नर श्री संदीप श्रीवास्तव जी द्वारा खिलाड़ियो को कैप वितरित कर सम्मानित किया गया। शिविर में 70 खिलाड़ियो को क्रिकेट की विभिन्न गतिविधियों के द्वारा जैसे बैटिंग, बॉलिंग, विकेट कीपिंग, फील्डिंग आदि के बारे में कोच चेतन चौहान व जाकिर अंसारी ने प्रशिक्षण दिया। शिविर सुबह 6 बजे से 9 बजे तक एवं शाम को 4 बजे से 7 बजे तक सुभाष स्कूल मैदान पर आयोजित किया गया।

खिलाड़ियो की सेहत को ध्यान में रखते हुए प्रैक्टिक के बाद उन्हें छाछ पिलाया जाता था।

शिविर के समापन अवसर पर नगर निगम कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव ने खिलाड़ियो को एकागता से खेलने और क्रिकेट की बारीकिया सीखने का कहा और जिला क्रिकेट एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि बुरहानपुर का नाम क्रिकेट में रोशन हो ऐसी आशा करता हूँ। उक्त जानकारी सचिव डॉ संदीप पगारे सह सचिव अजय जोशी ने दी।

## खाद बीज दवाई विक्रेताओं की संयुक्त बैठक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आगामी दिनों में किसानों द्वारा खरीफ की फसलों का उत्पादन किया जाना है। जिसको लेकर जिला कृषि विभाग की तैयारिया शुरू हो चुकी है। खरीफसीजन को देखते हुए आज खकनार ब्लॉक में खाद बीज दवाई विक्रेताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।

कृषि विभाग उपसंचालक एम एस देवके के निर्देशानुसार कृषि सामग्री आदान विक्रेताओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें विक्रेताओं को अच्छी ए खाद बीज उर्वरक विक्रय करने के निर्देश दिए गए। वही निर्धारित प्रारूप में स्टाक पंजी ए स्टाक बोर्डए पीओएस मशीन और उर्वरकों का व्यवस्थित रिकॉर्ड के साथ ए अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान खकनार ब्लॉक के कृषि सामग्री आदान विक्रेता मौजूद थे।

## जिले में 1 जून से 26 जून तक नशामुक्ति को लेकर आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिले में नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पुलिस विभागए शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के समन्वय से जागरूक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये है। शासन के निर्देशानुसार 1 जून से 26 जूनए 2025 तकए मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओंए छात्र.छात्राओंए आमजनों को अवगत कराने हेतु सुझावात्मक गतिविधियां निर्धारित कैलेंडर अनुसार आयोजित की जायेगी।

मादक पदार्थों की तस्करीए प्रवृत्तियों की सूचना एवं कार्यवाही के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पाटीदार की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। वहीं शैक्षणिक संस्थानों एवं आमजनों में जागरूकता लाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य विभागए शिक्षा विभागए पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागतए अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहानए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

### समग्र पोर्टल 22 से 26 मई तक बंद

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं इससे संबंधित समस्त एप्लिकेशंस के लिए सर्वर संधारण एवं सुधार कार्य किया जाना है। मेंटेनेंस गतिविधियों के लिए समग्र पोर्टल को दिनांक 22 मई शाम 7 बजे से लेकर 26 मई 2025 प्रात: 8 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा।

प्राधिकृत अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वर मेंटेनेंस के बाद समग्र एप्लिकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होगा। जिससे उपयोगकर्ताओं को समग्र एप्लिकेशन सॉफ्टवेर से और बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।

**एक नजर** 25 मई को मंदिर में नवरत्न ग्रंथ के सामूहिक पाठ, पश्चात श्री गिरिराज जी का दूध से अभिषेक

## नम्रता हर सफल व्यक्ति का गहना और बड़प्पन है : श्रीहरिकृष्ण मुखिया



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री गोकुल चंद्रबाजी मंदिर में सभी वैष्णो द्वारा सामूहिक परिक्रमा निकल गई। इस अवसर पर श्री हरिकृष्ण मुखिया जी ने कहा जहां तक बने शांत रहकर सभी जीवन के कार्य करना है, एक उदाहरण के माध्यम से आपने बताया कि एक बार नदी ने समुद्र से बड़े ही गर्वीले शब्दों में कहा बताओ पानी के प्रचंड वेग से मैं तुम्हारे लिए क्या बहा कर लाऊं, तुम चाहो तो मैं पहाड़, मकान, पेड़, पशु, मानव आदि सभी को उखाड़ कर ला सकती हूं। समुद्र समझ गया कि नदी को अहंकार आ गया है। उसने कहा यदि मेरे लिए कुछ लाना ही चाहती हो तो थोड़ी सी घास उखाड़ कर ले आना। समुद्र की बात सुनकर नदी ने कहा, बस, इतनी सी बात ! अभी आपकी सेवा में हाजिर कर देती हूं। नदी ने अपने पानी का प्रचंड प्रवाह घास उखाड़ने के लिए लगाया परंतु घास नहीं उखड़ी। नदी ने हार नहीं मानी और बार.बार प्रयास किया पर घास बार.बार पानी के वेग के सामने झुक जाती और उखड़ने से बच जाती। नदी को सफलता नहीं मिली।

थकी हारी निराश नदी समुंद्र के पास पहुंची और अपना सिर झुका कर कहने लगी, मैं मकान, वृक्ष, पहाड़, पशु, मनुष्य आदि बहाकर ला सकती हूं परंतु घास उखाड़ कर नहीं ला सकी क्योंकि जब भी मैंने प्रचंड वेग से खास पर प्रहार किया उसने झुककर अपने आप को बचा लिया और मैं ऊपर से खाली हाथ निकल आई। नदी की बात सुनकर समुद्र ने मुस्कुराते हुए कहा जो कठोर होते हैं वह आसानी से उखड़ जाते हैं लेकिन जिसने घास जैसी विनम्रता सीख ली हो उसे प्रचंड वेग भी नहीं अखाड़ सकता। समुद्र की बात सुनकर नदी का घमंड भी चूर चूर हो गया।

आपने कहा कि विनम्रता अर्थात् जिसमें लचीलापन है, जो आसानी से मुड़ जाता है, वह टूटता नहीं। नम्रता में जीने की कला है, शौर्य की पराकाष्ठा है। नम्रता में सर्व का सम्मान संचित है। नम्रता हर सफल व्यक्ति का गहना है। नम्रता ही बड़प्पन है। दुनिया में बड़ा होना है तो नम्रता को अपनाना चाहिए। संसार को विनम्रता से जीत सकते हैं। ऊंची से ऊंची मंजिल हासिल कर लेने के बाद भी अहंकार से दूर रहकर विनम्र बने रहना चाहिए। विनम्रता के अभाव में व्यक्ति पद में बड़ा होने पर भी घमंड का ऐसा पुतला बनकर रह जाता है जो किसी के भी सम्मान का पात्र नहीं बन पाता। स्थान कोई भी होए विनम्र व्यक्ति हर जगह सम्मान हासिल करता है। जहां विरोध हो जहां प्रतिरोध और बल से काम नहीं चल सकता। विनम्रता से ही समस्याओं का हल संभव है। विनम्रता के बिना सच्चा स्नेह नहीं पाया जा सकता। जो व्यक्ति अहं कार और वाणी की कठोरता से बचकर रहता है वही सर्वप्रिय बन जाता है।

**सदैव प्रसन्न रहिये। जो प्राप्त है, पर्याप्त है।। सफलता की पोशाक, कभी तैयार नहीं मिलती।। इसे बनाने के लिए, धैर्य का धागा और परिश्रम की सुई चाहिए !!**

**नवरत्न ग्रंथ के सामूहिक पाठ :-** श्री गोकुल चंद्रमाजी मंदिर मे रविवार दिनांक 25 मई को सायंकाल 5.15 बजे मंदिर में नवरत्न ग्रंथ के सामूहिक पाठ होंगे। उसके पश्चात सभी वैष्णव द्वारा श्री गिरिराज जी का दूध से अभिषेक किया जाएगा। सभी वैष्णव समय पर पधारे उत्सव के पश्चात श्री आदित्य भाई मुखिया जी द्वारा नवरत्न के प्रवचन रहेगा। उपरोक्त जानकारी श्री गुडडु मुखिया द्वारा दी गई।

### :: जाहिर सूचना ::

मेरे पक्षकार 1. श्रीमती किरणदेवी पति जुगलकिशोर चाण्डक, 2. जुगलकिशोर पिता रामवल्लभ चाण्डक, 3.जुगलकिशोर रामवल्लभ चाण्डक HUF, निवासी रचना अपार्टमेन्ट बुरहानपुर स्थाई निवासी प्लाट नंबर 20 लालबाग रोड ताप्ती हॉस्पीटल के सामने बुरहानपुर की हिदायत एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को यह सूचना दी जाती है कि मेरे पक्षकार के मालकी एवं कब्जे की संपत्ति जो ग्राम लालबाग माल में स्थित **खसरा नंबर 165 / 4 रकबा 0.053 हे., भू राजस्व 0.52 रूपये** है। उक्त सम्पत्ति का मूल रजिस्ट्री पत्र बुरहानपुर तहसिल कार्यालय के पास कही गुम हो गए है। जो काफी ढूंडने के बाद भी नही मिल पा रहा है। जिसकी सूचना मेरे पक्षकार द्वारा पुलिस थाना कोतवाली मे **दिनांक 22/05/2025** को की गई है। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सपंत्ति किसी भी शासकीय बैंक /अर्ध शासकीय बैंक में बंधक विलेख किसी भी बैंक से नहीं किया है और न ही किसी को उक्त संपत्ति विक्रय की है।

उक्त खसरा नंबर 165 / 4 रकबा 0.053 हे., भू राजस्व 0.52 रूपये बाबत यदि किसी को इसकी मुल प्रति मिलती है तो वह मेंरे पक्षकार को या मुझे मेरे आफिस समय दोपहर 12 से 9 बजे तक आकर मिले। यदि किसी बैंक का कोई बंधक हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिन भीतर आपत्ती दर्ज कराए अन्यथा कोई भी आपत्ती स्वीकृत नही की जाएगी।

**अधिवक्ता तुषार व्ही. महाजन**
**बुरहानपुर, मो.नं. 7987965611**